RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : शनिवार, 04 मार्च 2023 | वर्ष 04 | अंक 273 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

# फुटपाथ पर रहने वाले लोग भी इंसान हैं

## उन्हें हटाने का आदेश नहीं दे सकते : उच्च न्यायालय

मुंबई : बंबई उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को दक्षिण मुंबई में फुटपाथ पर रहने वाले लोगों को हटाने का निर्देश देने वाले किसी भी आदेश को पारित करने से इनकार कर दिया और कहा कि लोगों का बेघर होना एक वैश्विक मुद्दा है तथा फुटपाथ पर रहने वाले लोग भी बाकी लोगों की तरह ही इंसान हैं। न्यायमूर्ति गौतम पटेल और नीला गोखले की खंडपीठ शहर के फुटपाथों और पटरी पर अनधिकृत विक्रेताओं तथा फेरीवालों के कब्जे के मुद्दे पर उच्च न्यायालय द्वारा स्वतः संज्ञान (स्वयं) ली गई याचिका पर विचार कर रही थी।



बंबई बार एसोसिएशन द्वारा दायर याचिका में कहा गया है कि कई लोग दक्षिण मुंबई में फाउंटेन क्षेत्र के पास फुटपाथों और पटरियों पर रहते और सोते हैं। याचिका में कहा गया है कि कार्रवाई के लिए शहर की पुलिस और बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) को भी पत्र लिखे गए हैं। पीठ ने हालांकि सवाल किया कि ऐसे मामलों में क्या न्यायिक आदेश पारित किया जा सकता है? अदालत ने कहा, ''क्या आप कह रहे हैं कि शहर को गरीबों से छुटकारा मिलना चाहिए? ये वे लोग हैं जो दूसरे शहरों से यहां अवसरों की तलाश में आते हैं। बेघर व्यक्तियों का मुद्दा एक वैश्विक मुद्दा है।'' न्यायमूर्ति पटेल ने कहा, ''वे (बेघर लोग) भी इंसान हैं। वे गरीब या कम भाग्यशाली हो सकते हैं लेकिन वे भी मनुष्य हैं और वे (बेघर लोगों को) अदालत की नजर में अन्य इंसानों के समान ही इंसान हैं।'' एसोसिएशन के वकील मिलिंद साठे ने सुझाव दिया कि फुटपाथ और पटरी पर रहने वाले ऐसे व्यक्तियों के लिए रैन बसेरों की व्यवस्था की जानी चाहिए। पीठ ने कहा कि यह एक समाधान है जिस पर अधिकारी विचार कर सकते हैं।

# शिंदे-फडणवीस सरकार को संजय राउत की चुनौती

# जेल हो गई, अब फांसी...

**महाराष्ट्र :** उद्धव गुट के राज्यसभा सांसद संजय राउत शिंदे गुट पर लगातार जुबानी हमले कर रहे हैं. पार्टी से नाम शिवसेना और चुनाव चिन्ह हाथ से जाने के बाद राउत एक के बाद एक बयान दे रहे हैं. महाराष्ट्र के कोल्हापुर में उन्होंने बड़ा बयान दिया है. इसबार राउत ने राज्य के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे गुट के विधायकों को चोरी का गिरोह बता दिया है. साथ ही उन्होंने शिंदे सरकार को चैलेंज कर दिया है. उन्होंने चुनौती देते हुए कहा कि अब



फांसी पर चढ़ाने जा रहे हो तो फांसी पर चढ़ा दो. अधिकार उल्लंघन समिति के नोटिस और 3 मार्च तक जवाब मांगे जाने के बाद उन्होंने यह बात कही है.

**कानून व्यवस्था को लेकर उठाया सवाल**

संजय राउत से जब संदीप देशपांडे के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि, किसी पर इस तरह हमला करना उनके लिए ठीक नहीं है. लगातार मुखर होकर बोल रहे सांसद राउत ने राज्य में कानून व्यवस्था को लेकर भी सवाल उठाया और महाराष्ट्र सरकार को कटघरे में खड़ा किया. उनका कहना है कि संदीप देशपांडे पर अज्ञात लोगों ने हमला किया. उन्होंने कानून व्यवस्था को लेकर भी सवालिया निशाना खड़ा किया. अधिकार उल्लंघन समिति पर हमला बोलते हुए संजय राउत ने कहा कि, सरकार अवैध होने से चीजें अवैध रूप से चल रही हैं. राउत ने कहा कि देश को अपमानित करने वाला मैंने कोई भी बयान नहीं दिया है. उन्होंने यह बात एक खास ग्रुप को लेकर कही थी, पार्टी का नाम और चुनाव चिन्ह को लेकर यह बात कही गयी थी.

### विधानमंडल को बताया था चोर मंडल

**कसबा पेठ सीट को बीजेपी के हारने पर भी राउत ने हमला बोला. इस सीट पर कांग्रेस उम्मीदवार की जीत हुई है. राउत ने कहा कि महाविकास अघाड़ी मजबूती से आगे बढ़ रही है. उन्होंने कहा कि महाविकास अघाड़ी की एकजुटता के नतीजे सामने आ रहे हैं. बता दें कि राउत के बयान से महाराष्ट्र की राजनीति गमार्ती जा रही है. उनके बयान के बाद जमकर हंगामा हुआ था और भारतीय जनता पार्टी ने कार्रवाई की मांग की थी. संजय राउत ने मीडिया से बात करते हुए विधानमंडल को चोर मंडल बताया था, जिसके बाद सत्ता पक्ष के लोगों ने इसे लेकर हंगामा किया.**

# आईपीएस रश्मि शुक्ला बनी डीजी एसएसबी

## शुक्ला पर फोन टैपिंग के लग चुके हैं आरोप... कई नेताओं ने लगाया था फोन टैपिंग का आरोप

**मुंबई:** केंद्र सरकार ने महाराष्ट्र कैडर की चर्चित आईपीएस अधिकारी रश्मि शुक्ला को सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) का डायरेक्टर जनरल नियुक्त किया है। वे सीआरपीएफ में एडिशनल डायरेक्टर जनरल की जिम्मेदारी निभा रही थी। 1988 बैच की आईपीएस अधिकारी रश्मि शुक्ला महाराष्ट्र खुफिया विभाग की पूर्व प्रमुख रह चुकी हैं। वे इससे पहले फोन टैपिंग से जुड़े एक मामले में सुर्खियों में भी आईं थीं। जानकारी के अनुसार पिछले महीने ही केंद्रीय कैबिनेट की अपॉइंटमेंट कमेटी ने रश्मि शुक्ला के



डायरेक्टर जनरल रैंक पर प्रमोशन को हरी झंडी दी थी।

इसके बाद गुरुवार को उनकी पोस्टिंग एसएसबी में की गई है। वे अनीश दयाल सिंह की जगह लेंगी। केंद्र सरकार ने गुरुवार को अपने एक आदेश में ये जानकारी दी है। 1988 बैच और महाराष्ट्र कैडर की आईपीएस अधिकारी रश्मि शुक्ला एक तरफ फोन टैपिंग के आरोपों से घिरी रहीं हैं, तो वहीं उन्हें महाराष्ट्र में महिलाओं की सुरक्षा और बेहतरी के प्रति अपने समर्पण के लिए भी जाना जाता है। रश्मि शुक्ला को कई बड़े सम्मानों से भी नवाजा जा चुका है।

**इन नेताओं ने लगाया था फोन टैपिंग का आरोप**

बता दें कि रश्मि शुक्ला पर आरोप लगा था कि उन्होंने शिवसेना नेता संजय राउत, एनसीपी नेता एकनाथ खडसे सहित कुछ अन्य नेताओं का फोन टैप किया था। इस सिलसिले में कोलाबा पुलिस स्टेशन में एक शिकायत भी दर्ज की गई थी।

# ठाणे जिले के उल्हासनगर में ट्रांजिट कैंप बनाने की योजना मंजूर...

# खर्च होंगे 20 करोड़!

**उल्हासनगर :** उल्हासनगर शहर में धोखादायक बिल्डिंगों की गिरने की घटनाओं में पचासों परिवार अचानक बेघर हो जाते है। ऐसे निवासियों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था करने के लिए महानगरपालिका प्रशासन के पास कोई विकल्प नहीं है। इसलिए ऐसी आपदाओं के दौरान शहर के नागरिकों को वैकल्पिक आश्रय प्रदान करने के लिए उल्हासनगर महानगरपालिका क्षेत्र में एक ट्रांजिट कैंप स्थापित किया जाएगा। जिसमें 12 भवनों में 270 फ्लैट बनाने का प्रस्ताव है और इस पर 20 करोड़ रुपए खर्च होने की उम्मीद है।

उल्हासनगर महानगरपालिका की मांग के बाद जिला आपदा प्रबंधन



प्राधिकरण ने ऐसा प्रस्ताव राज्य सरकार को सौंपा है। उल्हासनगर शहर में घटिया निर्माण सामग्री का उपयोग करके बीस से 25 साल पहले सैकड़ों बिल्डिंगे बनाई गई है और उल्हासनगर महानगरपालिका द्वारा की गई कार्रवाई के बाद भी लोग उन बिल्डिंगों में रहने गए है। किसी संरचनात्मक रिपोर्ट के पुनः उपयोग किए जाने वाले भवन खतरनाक स्थिति में है।

## संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

# पूर्वोत्तर का उत्तर

पूर्वोत्तर के तीन राज्यों में विधानसभा चुनाव परिणाम भाजपा के लिये उत्साहवर्धक और कांग्रेस के लिये चिंता बढ़ाने वाले साबित हो रहे हैं। देश के लिये अच्छी बात यह है कि अब तक अलग-थलग पड़ा पूर्वोत्तर देश की मुख्यधारा के करीब आ रहा है। निस्संदेह, कभी वामपंथियों का गढ़ रहे त्रिपुरा में भाजपा की जीत चौंकाने वाली है, वहीं नगालैंड में फिर उसके गठबंधन की सरकार लौट रही है। इस राज्य में भाजपा ने पहली बार दहाई का आंकड़ा छुआ है। भाजपा जहां मजबूत रही वहां वह खुद सरकार बना रही है और जहां कमजोर है वहां छोटे दल के रूप में भूमिका स्वीकार कर ली है। मेघालय में वोट प्रतिशत बढ़ने को भाजपा अपनी कामयाबी बता रही है। कह सकते हैं कि पूर्वोत्तर को केंद्रीय एजेंडे में रखना भाजपा के लिये लाभदायक साबित हो सकता है। प्रधानमंत्री के पूर्वोत्तर के लगातार दर्जनों दौरों का असर भी चुनाव परिणामों पर नजर आ रहा है। प्रधानमंत्री पूर्वोत्तर को देश की मुख्यधारा में लाने के लिये कहते भी रहे हैं कि नॉर्थ ईस्ट न दिल्ली से दूर है और न ही दिल से दूर। बहरहाल, त्रिपुरा और नगालैंड में बीजेपी की सरकार बनना और मेघालय में सरकार बनाने में भूमिका की कोशिशें इस साल कुछ महत्वपूर्ण राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों के लिये उर्वरा भूमि तैयार करती हैं। बहरहाल, त्रिपुरा में भाजपा व इंडिजिनस पीपल्स फ्रंट ऑफ त्रिपुरा की सरकार बन रही है। मेघालय में उसकी कोशिश है कि पिछले गठबंधन के साथी रहे एनपीपी के साथ फिर से सरकार बना ली जाये। इस बाबत बातचीत के शुरूआती संकेत यही बताते हैं। वहीं नगालैंड में भाजपा एनडीपीपी के साथ सरकार बना रही है। पहली बार बारह सीटें जीतकर भाजपा ने बताया है कि उसका जनाधार बढ़ रहा है। नगालैंड व मेघालय में भाजपा को सत्ता में छोटा साझीदार बनने में कोई परहेज नहीं है। दरअसल, भाजपा की सारी रणनीतियां 2024 के महासमर के दृष्टिगत केंद्रित हो चली हैं।

त्रिपुरा में कामयाबी खुद भाजपा के लिये भी चौंकाने वाली है क्योंकि पहली बार दो विरोधी ध्रुव कांग्रेस व वामदल मिलकर चुनाव लड़े थे। वहीं दूसरी ओर अलग स्टेट की मांग कर रही टिपरा मोर्था से भाजपा गठबंधन का कड़ा मुकाबला था, जिसने कांग्रेस व वाम गठबंधन से ज्यादा सीटें हासिल की हैं। हालांकि, कड़े मुकाबले में भाजपा गठबंधन की सीटें कम हुई हैं, लेकिन फिर भी बहुमत से अधिक सीटें उसके पास हैं। बहरहाल, तीनों राज्यों के चुनाव परिणामों से भाजपा खासी उल्लासित है और उसका नजारा दिल्ली में पार्टी के मुख्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में नजर आया। सही मायनों में भाजपा इन चुनाव परिणामों के निष्कर्षों को इस वर्ष होने वाले महत्वपूर्ण राज्यों मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, तेलंगाना व कर्नाटक के चुनावी समर तक लेकर जाना चाहती है। वह तीन राज्यों के चुनावों में मिली सफलता से नया विमर्श गढ़ने की कोशिश में है। उसके लिये हिमंत बिस्वा सरमा ने पूर्वोत्तर के मोदी-शाह की भूमिका निभाई है। उन्हें पूर्वोत्तर में भाजपा का चाणक्य कहा जाता है। बहरहाल, अच्छी बात यह है कि भाजपा की सक्रियता के बाद पूर्वोत्तर न केवल राष्ट्र की मुख्यधारा से जुड़ता नजर आया बल्कि अलगाववादी आंदोलनों पर भी लगाम लगी है। भाजपा ने इस मिथ को भी तोड़ने का प्रयास किया कि दिल्ली में बैठी सरकारें पूर्वोत्तर के विकास के साथ सौतेला व्यवहार करती हैं। भाजपा के प्रयासों से हिमंत बिस्वा के संयोजन में पूर्वोत्तर के लिये गठित नॉर्थ-ईस्ट डेवलपमेंट अलायंस यानी नेडा का गठन भी निर्णायक साबित हुआ है। इसके बाद भाजपा ने कांग्रेस मुक्त पूर्वोत्तर के नारे के साथ असम, त्रिपुरा आदि राज्यों में सरकारें बनायीं। वहीं दूसरी ओर ईसाई व आदिवासी बहुल इलाकों में पकड़ मजबूत बनाकर भाजपा यह संदेश देने की भी कोशिश में है कि वह अल्पसंख्यक विरोधी नहीं है। बहरहाल, भाजपा ने कुशल चुनावी रणनीति और स्थानीय मुद्दे भुनाने की कला से पूर्वोत्तर में नई इबारत लिख दी हैं। वैसे पूर्वोत्तर राज्य विकास के लिये दिल्ली में सत्तारूढ़ सरकार के साथ तालमेल बनाने के पक्षधर रहे हैं।

editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# ठाणे में 4.7 लाख रुपये की शराब हुई गायब, चालक के खिलाफ मामला दर्ज...

**ठाणे :** मुंबई के चेंबूर इलाके में आपूर्ति के लिए भेजी गई खेप से 4.7 लाख रुपये मूल्य की शराब कथित तौर पर गायब होने के मामले में एक ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। महाराष्ट्र के औरंगाबाद स्थित एक उत्पादक से ट्रक चालक ने 28 दिसंबर, 2002 को शराब की 300 पेटियां हासिल की थीं




जिन्हें एक वितरक के पास पहुंचाना था। पुलिस के मुताबिक, गंतव्य पर पहुंचकर चालक ने दावा किया कि किसी व्यक्ति ने 4,76,160 रुपये मूल्य की 14 पेटियां चोरी कर लीं। अधिकारी के मुताबिक, चालक ने कहा कि यह चोरी तब हुई जब वह ठाणे के भिवंडी में रात को खाना खा रह था। शराब कंपनी की शिकायत के आधार पर ठाणे की ग्रामीण पुलिस ने चालक के खिलाफ विश्वासघात करने का आपराधिक मामला दर्ज किया है, लेकिन अभी तक किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है।

# ठाणे में महिला पर चाकू से हमला, झोपड़ी में शव मिला...



**ठाणे :** महाराष्ट्र के ठाणे जिले के कलवा में 33 वर्षीय एक महिला का शव उसकी झोपड़ी में मिला, जिस पर चाकू से कई बार वार किए जाने के निशान हैं। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी और कहा कि हत्या का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के मुताबिक, जयभीम नगर इलाके में महिला का शव बृहस्पतिवार शाम को मिला। मृतक महिला की पहचान कमलीबाई पवार के रूप में की गई है और उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। एक पुलिस अधिकारी ने कहा, ''पुलिस टीम को सूचना मिली थी कि महिला घायल अवस्था में अपने घर में पड़ी है। टीम मौके पर पहुंची और महिला को खून से लथपथ पाया, जिस पर चाकू से कई बार हमले किए गए थे। अधिकारी के मुताबिक, किसी ने धारदार हथियार से उस पर हमला किया था। उन्होंने कहा कि महिला को एक नजदीकी सरकारी अस्पताल में ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने कहा कि हत्या के कारणों का पता लगाने और आरोपी की पहचान करने के लिए मामले की जांच की जा रही है।

# मुंबई में राजमार्ग पर खड़े टैंपो को बस ने मारी टक्कर, एक व्यक्ति की मौत




**मुंबई :** मुंबई के वकोला इलाके में शुक्रवार तड़के वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे पर खड़े टैंपो को एक लक्जरी बस ने टक्कर मार दी जिससे टैंपो चालक की मौत हो गई। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने कहा, ''चालक अख्तर चौधरी को कुछ खराबी आने के कारण अपना टैंपो राजमार्ग पर किनारे खड़ा करना पड़ा। इस बीच हवाई अड्डे के चालक दल को ले जा रही एक लक्जरी बस ने टैंपों को पीछे से टक्कर मार दी जिसके कारण टैंपो चालक गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकी बाद में मौत हो गई।

# पालघर से एक नाइजीरियाई नागरिक गिरफ्तार पुलिस ने 58.74 लाख का ड्रग्स किया जब्त!

**मुंबई :** महाराष्ट्र के पालघर जिले में पुलिस ने ड्रग्स से जुड़े मामले में एक नाइजीरियाई नागरिक को गिरफ्तार किया है। बता दें कि गिरफ्तार किए गए नाइजीरियाई नागरिक के पास से 58.74 लाख रुपये की कीमत का ड्रग्स बरामद किया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, पुलिस ने गुप्त सूचना के तहत नाइजीरियाई नागरिक को ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया। इसके लिए बकायदा पुलिस ने पूरी योजना तैयार की थी, जिसके माध्यम से नाइजीरियाई नागरिक को गिरफ्तार किया गया। तुलिंज पुलिस थाने के



वरिष्ठ निरीक्षक शैलेंद्र नागरकर ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर क्राइम डिटेक्शन सेल की एक टीम ने जाल बिछाया और प्रगति नगर इलाके में कुछ दूर तक पीछा करने के बाद बुधवार को 26 वर्षीय आरोपी इमैनुएल डे पॉल को पकड़ा गया।

**58 लाख से ज्यादा के ड्रग्स बरामद**

उन्होंने बताया कि मौके पर और फिर बाद में आरोपी के आवास की तलाशी ली गई, जहां से कोकीन सहित विभिन्न प्रकार के ड्रग्स बरामद हुए। जिनकी कीमत 58.74 लाख रुपये आंकी गई है।

**16 नाइजीरियाई नागरिक हुए थे गिरफ्तार**

इससे पहले साल 2022 के आखिरी दिन पुलिस ने नवी मुंबई के खारघर इलाके के सेक्टर-12 से एक करोड़ रुपये की ड्रग्स बरामद की थी और 16 नाइजीरियाई नागरिकों को गिरफ्तार किया था। नवी मुंबई पुलिस के अधिकारी ने बताया था कि गिरफ्तार किए गए 16 नाइजीरियाई नागरिकों के पास से एक करोड़ रुपये की कीमत की ड्रग्स बरामद हुई। पुलिस ने बताया था कि पुलिस को नए साल की पार्टियों में ड्रग्स सप्लाई किए जाने की सूचना मिली थी। इस सूचना पर अपराधियों को पकड़ने के लिए जाल बिछाया गया और उन्हें गिरफ्तार किया गया।



# महाराष्ट्र/ जाति सत्यापन समितियां भ्रष्टाचार का हैं केंद्र- देवेंद्र फडणवीस



**मुंबई :** महाराष्ट्र में जाति सत्यापन समितियां भ्रष्टाचार का केंद्र बन गई हैं और राज्य सरकार इस मुद्दे को हल करने के लिए एक बेहतर और पारदर्शी पैनल बनाएगी। इसकी जानकारी शुक्रवार को उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने राज्य विधान परिषद को दी। फडणवीस ने भाजपा एमएलसी रमेश पाटिल के एक सवाल का जवाब देते हुए यह बयान दिया। फडणवीस ने कहा कि जाति सत्यापन समितियां भ्रष्टाचार का केंद्र बन गई हैं। ऐसे अधिकारी हैं जो इन समितियों में लगभग 15 सालों से काम कर रहे हैं और वे वित्तीय लाभ के लिए अपने पद का दुरुपयोग करते हैं। राज्य सरकार एक बेहतर और पारदर्शी समिति के साथ आने की कोशिश करेगी जो इस मुद्दे को हल करेगी।

उपमुख्यमंत्री ने आगे कहा कि उन्होंने इस तरह की कार्यप्रणाली अन्य राज्यों में नहीं देखी है। उन्होंने कहा कि पूरे सिस्टम को लोगों के लिए कम कठिन बनाने के समाधान और सुझावों के लिए वरिष्ठ अधिकारियों की एक बैठक आयोजित की जाएगी। बीजेपी एमएलसी प्रवीण दटके के सवाल का जवाब देते हुए फडणवीस ने कहा कि कुछ जातियां जो पहले राज्य के रिकॉर्ड में सूचीबद्ध नहीं थीं, उन्हें अब आरक्षण उद्देश्यों के लिए मान्यता दी गई है। हालाँकि, जाति सत्यापन समितियाँ अभी भी ऐसे समुदायों के लोगों के लिए समस्याएँ पैदा करती हैं।

# जांच के दायरे में कफ सिरप बनाने वाली 27 कंपनियां

## 17 कंपनियों ने बताई वजह, चार कंपनियों का उत्पादन बंद, 6 के लाइसेंस रद्द

**मुंबई :** राज्य में कफ सिरप बनाने वाली कंपनियों पर वैश्विक स्तर पर सवाल उठने के बाद महाराष्ट्र एफडीए ने दवा निर्माता कंपनियों पर कठोर कार्रवाई शुरू की है। एफडीए ने कफ सिरप बनाने वाली 84 कंपनियों की जांच की थी जिसमें 17 दोषी कंपनियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। चार कंपनियों का उत्पादन बंद कर दिया गया है और 6 कंपनियों के लाइसेंस रद्द किए जाने की अन्न व औषधि प्रशासन मंत्री संजय राठौड़ दी। वे विधानसभा में पूछे गए ध्यानाकर्षण प्रस्ताव का उत्तर दे रहे थे। देश से निर्यात होने वाले दोषपूर्ण कफ सिरप पीने से गाम्बिया में 66 बच्चों की मौत के बाद विश्व स्वास्थ्य संगठन सिरप में हानिकारक तत्व पाए जाने की चेतावनी जारी की थी। केंद्र सरकार के निर्देश के बाद राज्य में बनने वाली विभिन्न प्रकार की दवाओं की गुणवत्ता जांच के बाद ही वैश्विक बाजार में दवाओं को



भेजना अनिवार्य कर दिया है।

**बीजेपी विधायक आशीष शेलार ने पूछा प्रश्न**

राठौड ने कहा कि फरवरी 2023 में की गई जांच में पाया गया कि राज्य में 200 दवा विनिमार्ताओं द्वारा 2000 से अधिक दवाओं निर्माण किया जाता है। बिना किसी तरह के स्टेबिलिटी टेस्ट सर्टिफिकेट के ज्यादा दवाओं का निर्यात किया जा रहा है। बीजेपी विधायक आशीष शेलार ने ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पेश कर पूछा कि सरकार इन दवा निमार्ताओं के लाइसेंस रद्द करने क्या कार्रवाई कर रही है। शेलार ने कहा कि यह बहुत गंभीर घटना है। उन्होंने दोषी दवा निमार्ता कंपनियों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज करने की मांग की।

**की जा रही है कार्रवाई: मंत्री संजय राठौड़**

सदस्य के सवाल का जवाब देते हुए मंत्री संजय राठौड़ ने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने अक्टूबर 2022 में गांबिया में 66 बच्चों की मौत की रिपोर्ट जारी की थी। खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने दिनांक 07-10-2022 परिपत्र के अनुसार, महाराष्ट्र राज्य में कफ सिरप निमार्ता द्वारा तैयार की गई दवाओं की जांच के लिए अभियान चलाया गया। इसमें 84 कंपनियों का निरीक्षण किया गया। कुल 27 कंपनियों के निमार्ता के सिरप परीक्षण में त्रुटिपूर्ण पाए गए। उनके खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

**राज्य में 996 एलोपैथिक दवा निमार्ता कंपनियां**

राज्य में कुल 996 एलोपैथिक दवा निमार्ता हैं जिनमें से 514 निमार्ता निर्यात करते हैं। मंत्री ने कहा कि पिछले वर्ष में 8 हजार 259 खुदरा विक्रेताओं का निरीक्षण किया गया है। 2 हजार लाइसेंसधारियों को कारण बताया गया है। 424 लाइसेंस रद्द किए गए हैं और 56 लोगों पर मामला दर्ज किया गया है। मंत्री ने यह भी आश्वासन दिया कि यह मामला गंभीर है और जल्द ही बैठक की जाएगी।

# मीरा रोड में नव विवाहिता की आत्महत्या का मामला:

## अब तक मुख्य आरोपी को नहीं पकड़ पाई पुलिस



**मीरा रोड :** नव विवाहिता अस्मिता मिश्र को आत्महत्या करने पर मजबूर करने वाले ससुराल पक्ष के पांच लोगों को काशीमीरा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है, लेकिन एक सप्ताह बीत जाने के बावजूद अभी भी मुख्य आरोपी पुलिस गिरफ्त से दूर हैं। पुलिस अब तक उसे पकड़ नहीं पाई है। भारी दबाव के बाद दो दिन बाद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करने वाली मीरा रोड पुलिस की संदिग्ध भूमिका पर सवाल उठाए जा रहे हैं।


समाजसेवी और मृतका के पिता डॉ. अमर मिश्र द्वारा काशीमीरा पुलिस थाने में दर्ज शिकायत के अनुसार, अस्मिता की शादी 21 नवंबर 21 को हुई थी, लेकिन गौना मई माह में हुआ था। शादी में डॉ. अमर मिश्र ने 35 लाख नगद और गहने दिए थे। शुरू में अभय और अस्मिता में सब कुछ ठीक से चल रहा था। लेकिन धीरे-धीरे दोनों में पैसों को लेकर विवाद शुरू हो गया। अभय कोई काम नहीं करता था। दिन भर घर में ही रहता था। अस्मिता किसी कम्पनी में सर्विस करती थी। इसलिए घर का पूरा खर्च इसी के ऊपर आ गया। बढ़ता खर्च और आय कम दोनों के बीच के विवाद का कारण बनता गया। इसी दौरान अभय मायके से पैसा लाने के लिए अस्मिता पर दबाव बनाने लगा। विवाद को शांत करने के लिए डॉ अमर मिश्र कई बार पैसे दिए। इससे ससुराल वालों की पैसे की हवस बढ़ती गयी। इसी दौरान अभय ने मकान खरीदने के लिए मायके से पैसा लाने के लिए अस्मिता पर दबाव डाला। अस्मिता ने इस बार उनकी मांग को सिरे से खारिज कर दिया। इससे गुस्साए अभय ने अस्मिता से मारपीट की।


# पड़ोसी बना हैवान,10 वर्षीय नाबालिग से दुष्कर्म कर की हत्या,गिरफ्तार

**पालघर :** पालघर जिले के तलासरी तालुका में दस वर्षीय नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म और हत्या की जघन्य घटना हुई है. दुष्कर्म कर हत्या को अंजाम देने वाला आरोपी रमेश दुबला (45) पड़ोस में ही रहता था। आरोपी का लड़की के घरवालों से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। विवाद से बौखलाए आरोपी ने बुधवार को नाबालिग लड़की को स्कूल से लौटते समय मोटरसाइकिल पर बिठाकर ले गया। रात होने के बाद जब उनकी बेटी घर नहीं आई तो लड़की के माता-पिता ने बुधवार रात करीब 10 बजे तलासरी थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई. पुलिस ने तुरंत जांच शुरू की व सीसीटीवी फुटेज के आधार पर तलासरी थाने के पुलिस निरीक्षक अजय वसावे के नेतृत्व में एक टीम गठित की और अपराधी को पकड़ने के लिए तलाशी अभियान शुरू किया. रात करीब 1:30 बजे सर्च ऑपरेशन चलाकर दुबला को गिरफ्तार किया गया। उसके खिलाफ तलासरी थाने में मामला दर्ज किया गया है आरोपी ने उसने दुष्कर्म और गला घोंटने की बात कबूल की है। आरोपी लड़की को घर से पांच-छह किलोमीटर की दूरी गुजरात में ले गया। वहां उसने दुष्कर्म कर उसकी हत्या कर दी। बच्ची के शव को कब्जे में ले लिया गया है और उसका पोस्टमार्टम कराया जा रहा है.

# विरार-अलीबाग कॉरिडोर जल्द, मई तक पूरा होगा भूमि अधिग्रहण

**मुंबई :** एमएमआर में अवागमन की समस्या से निजात दिलाने वाले विरार-अलीबाग बहुउद्देशीय राजमार्ग परियोजना का काम 2024 में शुरू करने का फैसला महाराष्ट्र राज्य सड़क विकास निगम या है। उल्लेखनीय है कि अलीबाग से विरार तक 127 किमी मल्टी-मॉडल कॉरिडोर की योजना एक दशक ही बनी थी। पहले यह प्रोजेक्ट एमएमआरडीए करने वाला था, परन्तु अब इसे एमएसआरडीसी के हवाले कर दिया गया है। इस कॉरिडोर के लिए भूमि अधिग्रहण का काम






कर दी गई है। मई के बाद इस रूट के काम के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

एमएसआरडीसी के पास यह प्रोजेक्ट आने के बाद विस्तृत योजना बनाकर भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू की गई। 128 किमी लंबी और 16 लेन वाली इस परियोजना के में 520.92 हेक्टेयर, जबकि रायगढ़ में लगभग 765.01 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण होगा।

**भूमि अधिग्रहण की लागत 22 हजार करोड़ पहुंची**

उल्लेखनीय है कि इस बहुउद्देशीय परियोजना के भूमि अधिग्रहण की लागत 22 हजार करोड़ पहुंच गई है, जो परियोजना की कुल लागत से चार गुना अधिक है। बताया गया कि 2012 में जमीन अधिग्रहण के लिए 2,215 करोड़ रुपए देने थे, जबकि उस समय कुल परियोजना लागत 12,554 करोड़ रुपए थी, जो अब बढ़कर 55,564 करोड़ रुपए हो गई है। एमएसआरडीसी के अनुसार, अकेले परियोजना की भूमि अधिग्रहण लागत 22,000 करोड़ रुपए पहुंच गई है। एमएसआरडीसी को यह फंड जुटाने में बड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा। एमएसआरडीसी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि फंड जुटा लिया गया है। प्रस्तावित मल्टी-मोडल कॉरिडोर का निर्माण दो चरणों में किया जाएगा, जिसमें एलाइनमेंट-1 के तहत नोघर को बालावली से जोड़ने वाला 98 किमी का हिस्सा और एलाइनमेंट-2 के तहत बालावली को अलीबाग से जोड़ने वाला 29 किमी का हिस्सा होगा। यह हाइवे शुरू होने पर विरार-अलीबाग के बीच की दूरी कम हो जाएगी, साथ ही क्षेत्र का आर्थिक विकास भी होगा। यह परियोजना मुंबई महानगर क्षेत्र की दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण मानी जा रही है।



# मुंबई लोकल ट्रेन में सहयात्री के मारपीट करने के बाद बुजुर्ग व्यक्ति की मौत




**ठाणे :** ठाणे के टिटवाला स्टेशन से मुंबई जा रही है एक लोकल ट्रेन में झगड़े के बाद सहयात्री द्वारा कथित तौर पर मारीपीट करने और धक्का दिये जाने के बाद 65 वर्षीय बुजुर्ग व्यक्ति की 'लगेज कंपार्टमेंट' में मौत हो गई। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। यह घटना कल्याण और टिटवाला स्टेशन के बीच मध्य रेलवे मार्ग पर बृहस्पतिवार दोपहर को घटी। अन्य यात्रियों ने इस घटना में शामिल संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ कर, उसे पुलिस के हवाले कर दिया।

पुलिस ने कहा कि पीड़ित की पहचान मुंबई पोर्ट ट्रस्ट के पूर्व कर्मचारी बबन हांडे रूप में हुई है। राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) थाने के एक अधिकारी ने कहा, ''हांडे टिटवाला-मुंबई लोकल ट्रेन के लगेज कंपार्टमेंट में दोपहर करीब दो बजे सवार हुए। कल्याण स्टेशन पर उनके सहयात्रियों ने पुलिस को सूचना दी कि वह बोगी में खून से लथपथ हैं। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची।'' उन्होंने कहा कि यात्रियों ने एक व्यक्ति को पकड़कर पुलिस के हवाले किया है। अधिकारी ने बताया कि आरोपी ने चलती ट्रेन में नोकझोंक होने पर बुजुर्ग व्यक्ति को धक्का दे दिया जिससे उनका सिर किसी कठोर चीज से टकराया और वह गिर पड़े तथा उनकी मौत हो गई। अधिकारियों ने कहा कि हिरासत में लिये गये व्यक्ति से पूछताछ की जा रही है और सीसीटीवी फुटेज की भी जांच की जा रही है।

# मनसे चीफ राज ठाकरे के करीबी नेता पर मुंबई में हमला


## शिवाजी पार्क थाने में FIR दर्ज



**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के अध्यक्ष राज ठाकरे के एक करीबी नेता पर जानलेवा हमला हुआ है। मनसे नेता संदीप देशपांडे पर हमला हुआ है। ये हमला तब हुआ, जब संदीप देशपांडे शिवाजी पार्क में मॉर्निंग वाक कर रहे थे और इसी दौरान उनके ऊपर हमला किया गया। इस हमले में संदीप घायल हो गए हैं और उन्हें हिंदुजा अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि हमलवार 4 से 5 थे और वे अपने साथ लाठी-डंडे लाए थे। बता दें कि संदीप देशपांडे को राज ठाकरे का करीबी माना जाता है। संदीप पर हमले के बाद राजनीति भी तेज होने लगी है। हालांकि अभी तक हमलावरों के बारे में पुलिस को कोई जानकारी नहीं मिली है और मामले की जांच शुरू हो गई है। एक पुलिस अधिकारी ने मीडिया को बताया कि हमले में संदीप देशपांडे को मामूली चोट आई है और वह खतरे से बाहर हैं। अधिकारी ने कहा कि अज्ञात लोगों ने संदीप देशपांडे पर मॉर्निंग वॉक के दौरान हमला किया था। मुंबई के शिवाजी पार्क थाने में इस मामले को लेकर एफआईआर दर्ज किया गया है। बताया जाता है कि हमलावरों ने मास्क लगाया हुआ था और उन्होंने संदीप पर ताबड़तोड़ हमला शुरू कर दिया। संदीप देशपांडे शुरू से ही शिवसेना से जुड़े रहे और उसके बाद वो राज ठाकरे के साथ चले गए। शिवसेना के छात्र संगठन से उन्होंने अपनी राजनीति की शुरूआत की थी। शिवसेना के छात्र संगठन विद्यार्थी सेना में संदीप देशपांडे ने काम किया है। ये तब की बात है जब विद्यार्थी संगठन का कामकाज राज ठाकरे देखा करते थे। इस दौरान कॉलेज के चुनाव में ही संदीप देशपांडे को चुनाव लड़ने का मौका दिया गया और वह चुनाव जीत गए।

बता दें कि पिछले हफ्ते राज्यसभा सांसद संजय राउत ने मुंबई पुलिस आयुक्त को पत्र लिखकर आरोप लगाया था कि उन्हें ठाणे के कल्याण से सांसद श्रीकांत शिंदे से जान का खतरा है। संजय राउत ने अपने पत्र में कहा था, ''लोकसभा सदस्य श्रीकांत शिंदे ने मुझे मारने के लिए ठाणे के एक अपराधी राजा ठाकुर को सुपारी दी है।

# बुलढाणा में 12वीं का गणित का पेपर हुआ लीक, सोशल मीडिया पर हुआ वायरल




**महाराष्ट्र:** महाराष्ट्र के बुलढाणा जिले में 12वीं की परीक्षा से पहले गणित का पेपर लीक हो गया है। यह पेपर सुबह 10 बजे सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। इस मामले की जांच चल रही है। मिली हुई जानकारी के अनुसार, यह घटना बुलढाणा के सिंधखेड़ाराजा इलाके में हुई है। यहां परीक्षा से पहले ही सुबह से ही पेपर सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। हालांकि, अभी तक बोर्ड की तरफ से पेपर लीक होने की खबर की पुष्टि नहीं की गई है। वहीं, आखिर यह पेपर कैसे लीक हुआ और इसके पीछे कौन-कौन लोग शामिल हैं। इस बात का पता लगाया जा रहा है। खास बात यह है कि इससे पहले यवतमाल जिले में भी अंग्रेजी विषय के 12वीं का पेपर लीक हुआ था। पता चला कि हिंदी के पेपर में गलतियां थीं।

# मुंबई के मलाड ईस्ट में घर की मालकिन ही निकली घर की चोर...

**मुंबई :** मुंबई के मलाड ईस्ट की ओमाकार सोसाइटी में एक महिला अपने पति के साथ रहती थी। करीब 9 महिने पहले उस शाम उन्हें अपने एक रिश्तेदार के घर कुछ दिन के लिए सांगली जाना था। पत्नी सजने-सवरने लगी, पति गाड़ी साफ करवाने के लिए के लिए मार्केट चला गया। थोड़ी देर में पति घर लौटकर आया तो ये दोनों अपने रिश्तेदार के घर चले गए।

### मुंबई में चोरी का बेहद अजीब मामला

तीन दिन बाद ये अपने रिश्तेदार के घर से वापस लौटे। पत्नी घर से थोड़ी दूर पर ही किसी काम से उतर गई। पति कार लेकर घर पहुंचा तो घर का हाल देखकर दंग रह गया। घर का ताला टूटा हुआ था। अंदर गया तो देखा सबकुछ बिखरा हुआ ह। घर से करीब साढ़े 5 लाख रुपये कैश और 4 लाख रुपये की सोने-चांदी की जूलरी गायब है। थोड़ी देर में पत्नी भी वहां पहुंच गई। दोनों पति-पत्नी घर का हाल देखकर बेहद परेशान



हो गए। दोनों ने तुरंत थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई गई।

### 9 महीने में मुंबई पुलिस ने सुलझाया केस

पुलिस छानबीन में जुट गई। पुलिस को कोई क्लू नहीं मिल रहा था। आसपास के सीसीटीव कैमरे में देखा गया, लेकिन बाहर से कोई घर में आता हुआ भी नजर नहीं आया। महिने पर महिने बीतते गए, लेकिन चोरों का कुछ पता नहीं चला। कल शाम पुलिस ने 9 महीने बाद आखिरकार इस केस को सॉल्व किया। खुद घर की मालकिन ही थी चोर। खुद महिला ने अपने घर से चुराए थे लाखों रुपये। उस दिन जब पति अपनी कार साफ करवाने मार्केट गया तो, इस महिला ने घर का पूरा सामान चुरा लिया। घर के ताले को जानबूझकर तोड़ दिया। सामान को बिखरा दिया, ताकी ऐसा लगे कि घर में चोरी हुई है।

### महिला ने अपने ही घर में की चोरी

पुलिस को शक तब हुआ जब कई दिनों तक चोरों का कोई पता नहीं चल पाया। दरअसल घर का ताला तो टूटा हुआ था, लेकिन दरवाजे की कुंडी एकदम सही हालत में थी। उसके बाद पुलिस को ये समझ आ गया था कि ये काम घर के ही किसी शख्स का है। कुंडी के पास से फिंगर प्रिंट्स लिए गए और जब ये इस महिला के साथ मैच हो गए तो ये साफ हो गया कि चोरी महिला ने ही की थी। अब सवाल ये था का कि आखिर कोई क्यों अपने ही घर में इतनी चोरी करेगा। पुलिस ने महिला की पूरी कहानी खंगालनी शुरू की, तो पता चला की ये साजिश इस महिला ने अपने पहले पति के साथ मिलकर रची थी।


# बेटी और पिता का रिश्ता हुआ शर्मसार...

## बेटी संग किया यौन शोषण, नाबालिग ने किया सुसाइड

**मुंबई :** महाराष्ट्र के पालघर जिले के वसई तालुका में एक पिता और बेटी के रिश्ते को शर्मसार कर देने वाली घटना सामने आई है। जहां एक पिता ही अपनी बेटी के लिए हैवान बन बैठा। जिससे नाबालिग लड़की ने अपनी जिंदगी को ही सामप्त करने का कदम उठा लिया है। पिता के द्वारा 14 साल की नाबालिग लड़की का यौन शोषण करने से त्रस्त हो कर लड़की ने फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया है।

### फांसी लगाकर नाबालिग ने किया सुसाइड

स्थानीय पुलिस अधिकारी ने इस घटना की सूचना दी। उन्होंने बताया कि 14 साल की एक लड़की ने अपने घर में कथित तौर पर फांसी लगाकर जान दे दी। साथ ही उन्होंने कहा कि लड़की ने तीन दिन पहले वलीव में अपने घर पर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली है। पुलिस को आज घटनास्थल से सुसाइड नोट बरामद हुआ है। पुलिस ने नाबालिग लड़की



का शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए एक सरकारी अस्पताल में भेजा दिया है।

### पिता ने किया नाबालिग से यौन शोषण

पुलिस ने इस घटना के तहत आकस्मिक मौत का मामला दर्ज कर मामले में आगे की जांच शुरू कर दी है। पुलिस को जो सुसाइड नोट बरामद हुआ है। उसमें नाबालिग लड़की ने अपनी मौत की वजह का स्पष्टीकरण भी दिया है। पुलिस अधिकारी ने कहा कि लड़की द्वारा कथित तौर पर लिखे गए सुसाइड नोट में उसने आरोप लगाया है कि उसके पिता ने उसका यौन शोषण किया। जिसके चलते वह आत्महत्या जैसा कदम उठाने पर मजबूर हो गई है।

### मां से भी की थी लड़की ने शिकायत

सुसाइड नोट में 14 साल की नाबालिग लड़की ने यह भी लिखा है कि उसने पिता की इस शर्मनाक कृत्य के बारे में कई बार अपनी मां से भी बात की थी। लेकिन उसके बावजूद कोई भी कार्रवाई नहीं की गई और पिता का यह घिनौना कृत्य यूंही बरकरार रहा है।

सुसाइड नोट में लड़की ने अपने पिता के द्वारा यह शर्मसार कर देने वाली घटना के लिए कड़ी सजा की मांग की है। हालांकि पुलिस ने तुरंत केस दर्ज कर लिया है और यह भी कहा है कि मामले की जांच जारी है।

मालिक , मुद्रक,प्रकाशक ,संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस , गाला नं 3 - 4 ,अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट ,सोनावला क्रॉस रोड नं 12 ,गोरगांव ( पूर्व ),मुंबई 63 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : 1 -ए, ग्राउंड फ्लोर साहिल मेंशन, बालमिया लेन, माहिम वेस्ट मुंबई 400016 मोबाइल नं 9987 77 5650 व्हाट्सप्प नं 7977 40 8589 : Email - editor@rokthoklekhaninews.com